दिन– रविवार दिनांक– 05 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता जताई है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज मुजफ्फरपुर जिले में पांच सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन।

03. सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में। मौसम विभाग ने ग्यारह जिलों में कोल्ड–डे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया।

04. और, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की तीन सौ अट्ठावनवीं जयंती के अवसर पर आज नगर कीर्तन और अखंड पाठ का आयोजन। कल होगा मुख्य समारोह।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को विकास और अवसरों के जीवंत केन्द्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के सरकार के दृष्टिकोण पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गांवों के लोगों के लिए गरिमापूर्ण जीवन की प्राथमिकता के साथ वर्ष दो हजार चौदह से निरन्तर ग्रामीण भारत के लिए काम कर रही है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना कारगर साबित हुई है।

———बाईट———

हमने आदिवासी आबादी वाले इलाकों के विकास के लिए पीएम जनमन योजना शुरू की। जो इलाके योजना से दशकों से विकास से वंचित थे। उन्हें अब बराबरी का हक मिल रहा है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि दस साल में देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और इनमें सबसे बड़ी संख्या हमारे गांव के लोगों की है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक के हालिया अध्ययन का भी उल्लेख किया, जिससे पता चला है कि भारत में ग्रामीण गरीबी दो हजार बारह में लगभग छब्बीस प्रतिशत से घटकर दो हजार चौबीस में पांच प्रतिशत से भी कम हो गई है।

———————————————————————————

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही हैं। वित्त मंत्री ने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार की योजनाओं का उल्लेख किया।

———बाईट———

वुमन्स एंपावरमेंट के लिए आपने बहुत सारे काम कर रहे हैं। ड्रोन दीदी हो, लखपति दीदी हो, एसएचजी के द्वारा महिला का सशक्तिकरण का कार्यक्रम हो, ऐसे एफपीओस में आज महिला हो फार्मा प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशंस में और कोऑपरेटिव सोसाइटीज के द्वारा भी बहुत सारे महिला सशक्तिकरण के काम हैं और उसमें बजट के द्वारा भी प्रावधान किया गया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने प्रगति यात्रा के दौरान आज मुजफ्फरपुर जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पांच सौ करोड़ रूपये से अधिक की योजनओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री कुमार मुजफ्फरपुर में आश्रय गृह, पंचायत भवन और आंगनबाड़ी का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वे समीक्षा बैठक भी करेंगे। और ब्योरे के साथ हैं हमारे मुजफ्फरपुर संवाददाता......

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम आज से तेरह जनवरी तक आयोजित होगा। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री यादव मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि श्री यादव कार्यकर्ता दर्शन संवाद कार्यक्रम के दौरान कैमूर, बक्सर, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, और पूर्वी चंपारण जिले में संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इधर, पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्धकी ने कहा है कि राजद की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक अठारह जनवरी को पटना में होगी।

———————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश की जीडीपी में कृषि का योगदान अन्य क्षेत्रों में बढ़ेगा। पटना के कृषि भवन में श्री पांडेय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए यह बात

कही। उन्होंने कहा कि इस योगदान के लिए केंद्र सरकार से मिल रहे सहयोग की बड़ी भूमिका है। इस समय बिहार की जीडीपी में कृषि का योगदान पिछले वर्ष लगभग बीस प्रतिशत रहा है। श्री पांडेय ने इस वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान किसान के लिए कार्ययोजना और आगामी बजट पर भी चर्चा की।

———————————————————————————

बिहार रियल स्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी, रेरा ने प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन के समय ही बिल्डरों को अपनी चल–अचल संपत्ति का ब्योरा देना अनिवार्य कर दिया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि बिल्डरों को यह ब्योरा शपथ पत्र के माध्यम से देना होगा। रेरा ने कहा है कि ग्राहकों को फ्लैट नहीं देने पर बिल्डर की संपत्ति बेचकर राशि लौटायी जाएगी।

———————————————————————————

रेलवे कुंभ मेले के लिए तेरह हज़ार रेलगाड़ियां चलाएगा। इनमें तीन हजार विशेष रेलगाड़ियां होंगी। ये रेलगाड़ियां महाकुंभ के दौरान पचास से अधिक दिनों तक चलेंगी। इनमें मेले के बाद के दो–तीन दिन भी शामिल हैं। महाकुंभ में लगभग चालीस करोड़ लोगों के आने की संभावना है। उत्तरप्रदेश में प्रयागराज में महाकुंभ इस महीने की तेरह तारीख से छब्बीस फरवरी तक चलेगा। प्रयागराज गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम के लिए प्रसिद्ध है।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग ने ग्यारह जिलों में कोल्ड–डे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के पच्चीस जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। सीवान, सारण, भोजपुर बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले में आज शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे के चलते रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। नई दिल्ली से राजेन्द्र नगर आने वाली तेजस राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली–हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस और संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस समेत लगभग एक दर्जन रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से दो घंटे से लेकर दस घंटे तक विलंब से चल रही हैं। घने कोहरे की वजह से पटना सहित पूरे राज्य में पच्चीस विमाने रद्द रही। थाईलैंड

से गया आने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया है। वहीं, दरभंगा हवाई अड्डे पर भी कुहासे के कारण विमानों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि पटना सहित अगले दो से चार दिनों के दौरान मौसम में कोई बदलाव की संभावना नहीं है।

---बाईट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान दस दशलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, आपदा प्रबंधन विभाग ने घना कोहरा और ठंड से बचने के लिए लोगों को घर से नहीं निकलने की अपील की है।

---

ठंड के कारण प्रदेश के अस्पतालों में हृदय रोगियों और ब्रेन स्ट्रोक के मामलो में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है। दिल्ली स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सुभाष गिरि ने ठंड में उच्च रक्तचाप और मधुमेह के मरीजों को नियमित तौर पर चिकित्सक से जांच करवाने और संतुलित जीवन शैली अपनाने की सलाह दी है।

---

ठंड के कारण पटना में दो लोगों की मौत हो गयी है। वहीं, समस्तीपुर के पूसा प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोआरी में ठंड लगने से दस बच्चे बीमार हो गए हैं। इनमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इधर, सारण के मांझी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दर्जनों छात्राएं दौड़ने के दौरान सड़क पर गिर कर बेहोश हो गयीं। विद्यालय में चल रहे प्रतियोगिता के दौरान यह घटना हुई है।

---

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की तीन सौ अट्ठावनवीं जयंती के अवसर पर प्रकाश उत्सव के दूसरे दिन आज नगर कीर्तन और अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

———म्यूजिक———

पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुबानी और भक्ति मय गुंजयमान है। प्रकाश पर्व समारोह में शामिल होने के लिए  बड़ी संख्या में श्रद्धालु पटना साहिब पहुंचे हैं। प्रकाश पर्व को लेकर पटना के गाय घाट, बाल लीला, गुरु का बाग, कंगन घाट और हांडी साहिब गुरुद्वारों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कल रात गुरु महाराज के सम्मान में कवि दरबार का आयोजन किया गया। प्रकाश पर्व को लेकर गुरूद्वारे को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। अशोक राजपथ, चौक थाना मोड़ से लेकर कंगन घाट तक भव्य और आकर्षक सजावट की गई है।

————————————————————————————

प्रकाश उत्सव को लेकर पटना जिला प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए तिरासी स्थलों पर एक सौ पंद्रह मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। साथ ही यातायात नियंत्रण और पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था की गयी है। प्रकाशोत्सव को लेकर पटना सिटी में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगायी गयी है।

———म्यूजिक———

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील मोदी की आज जयंती है। भाजपा की ओर से इस मौके पर पटना सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उनकी जयंती पर लोग श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं।

————————————————————————————

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के धनौजा गांव के हरि मोहन झा चर्चित हत्याकांड मामले में तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

————————————————————————————

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के गाँवपुर स्थित एक दुकान में भीषण आग लग जाने के कारण हजारों की संपत्ति जल गई। आग बुझाने के दौरान दुकानदार हरेकृष्ण सिंह बुरी तरह झुलस गए जिसमें उनकी मृत्यु हो गई।

————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – प्रदेश में ग्रामीण सड़कों की मोटाई और चौड़ाई बढ़ेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग और एसएच से सटी सड़कों का होगा चौड़ीकरण।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजनीतिक कयास पर लगाया विराम, फिर कहा– कहीं नहीं जा रहे, एनडीए में ही रहेंगे।

**दैनिक भास्कर** का शीर्षक है – शिक्षकों का हाफ–डे अवकाश पूरे दिन की छुट्टी मानी जाएगी। सरकारी स्कूलों के लिए शिक्षा विभाग का नया निर्देश।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – माह के अंत तक आएगा सत्तरवीं बीपीएससी पीटी का रिजल्ट, अप्रैल में होगा मेंस।

**आज अखबार** लिखता है – बेउर जेल के अधीक्षक के ठिकानों पर ईओयू का रेड। आय से एक सौ छियालीस फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप।

**राष्ट्रीय सहारा** ने मौसम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – सर्द हवाओं ने बढ़ाई मुश्किलें।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता जताई है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज मुजफ्फरपुर जिले में पांच सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन।

03. सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में। मौसम विभाग ने ग्यारह जिलों में कोल्ड–डे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया।

04. और, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की तीन सौ अट्ठावनवीं जयंती के अवसर पर आज नगर कीर्तन और अखंड पाठ का आयोजन। कल होगा मुख्य समारोह।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।